BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक 24 मई, 2025 **थाना अहार**

ऑनलाइन निकासी किये गये कुल 78,779/- रुपये थाना अहार पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें।

दिनांक 19.05.2025 को आवेदक श्री राजू सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अमरपुर थाना अहार जनपद बुलन्दशहर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत की जिसमें 01 अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाटसएप पर लिंक भेजा गया तथा लिंक पर क्लिक करने पर क्रेडिट कार्ड में रिवार्ड प्वाइंट जुडने का झांसा देकर आवेदक के खाते से कुल 78,779/- रूपयों की ऑनलाइन निकासी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। थाना अहार साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 78,779/- रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना अहार पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

सावधान:- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

पुलिस टीमः-

1. श्री अनु प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना अहार
2. उ0नि0 ब्रजेश सिंह
3. क0ऑ0 फखरूद्दीन, का0 अजय सिंह

मीडिया सैल बुलन्दशहर।